आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 01.05.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने ग्रेट निकोबार द्वीप टाउनशिप के लिए प्रारंभिक मसौदा मास्टर प्लान पर सलाहकारों द्वारा दी गई प्रस्तुति की समीक्षा की।
- महाराष्ट्र और गुजरात राज्य आज अपना स्थापना दिवस मना रहा है–उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने इन द्वीपों में रहने वाले इन राज्यों के लोगों को अपनी शुभकमानाएं दी है।
- वार्ड नम्बर नौ के पार्षद वी रविचन्द्रन को नगरपालिका परिषद् का वरिष्ठ उपाध्यक्ष और वार्ड नम्बर बीस की पार्षद पांडी सेल्वी को कनिष्ठ उपाध्यक्ष चुना गया है।
- आज मे डे है।
- एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने कल नौसेना प्रमुख का पदभार संभाल लिया है।

<><><><><><><>

उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने ग्रेट निकोबार द्वीप टाउनशिप के लिए प्रारंभिक मसौदा मास्टर प्लान पर सलाहकारों द्वारा दी गई प्रस्तुति की समीक्षा की। बैठक में अंतर्राष्ट्रीय ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल, ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट और पावर प्वाइंट के साथ मैरीटाइम इंडिया विज़न दो हजार तीस के तहत पिचहत्तर हजार करोड़ रूपये से अधिक के निवेश के साथ विभिन्न दूरदर्शी मेगा परियोजनाओं के समग्र विकास के प्रारंभिक चरण को अंतिम रूप देने के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में मुख्य सचिव केशव चन्द्र और अंडमान निकोबार प्रशासन एवं वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

<><><><><><><>

महाराष्ट्र राज्य आज अपना स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने अपने संदेश में इन द्वीपों में रहने वाले महाराष्ट्र के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण दिवस पर राज्य अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और कलात्मक अभिव्यक्ति का जश्न मनाता है। भारत में राज्यों के भाषाई पुर्नगठन के माध्यम से एक मई उन्नीस सौ साठ को स्थापित महाराष्ट्र को उपयुक्त रूप से 'गेट वे ऑफ इंडिया' के रूप मे जाना जाता है। उप–राज्यपाल ने कहा कि महाराष्ट्र कृषि और औद्योगिक उत्पादन, व्यापार, परिवहन और शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए भारतीय राज्यों में अग्रणी है।

उधर, गुजरात राज्य भी आज अपना स्थापना दिवस मना रहा है। आज ही के दिन उन्नीस सौ साठ को इस राज्य की स्थापना हुई थी। ये राज्य अपने औद्योगिक पहचान के साथ–साथ कई अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए जाना जाता है। उप–राज्यपाल ने गुजरात के लोगों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

<><><><><><><>

वार्ड नम्बर नौ के पार्षद वी रविचन्द्रन को नगरपालिका परिषद् का वरिष्ठ उपाध्यक्ष और वार्ड नम्बर बीस की पार्षद पांडी सेल्वी को कनिष्ठ उपाध्यक्ष चुना गया है। कल नगरपालिका परिषद् के सम्मेलनकक्ष में परिषद् के अध्यक्ष सुदीप राय शर्मा की अध्यक्षता में हुई विशेष बैठक में इन्हें इन पदों के लिए चुना गया है। इनका एक वर्ष का कार्यकाल आज से शुरू हो रहा है।

<><><><><><><>

सांसद कुलदीप राय शर्मा ने बिल्लीग्राउंड बाजार अग्नि दुर्घटना का जल्द से जल्द आंकलन करने और प्रभावितों को उचित मुआवज़ा देने का अनुरोध किया है। उप–राज्यपाल को लिखे अपने पत्र में सांसद ने कहा कि इस अग्नि दुर्घटना से कारोबारियों के साथ साथ इससे जुड़े लोगों को काफी नुकसान हुआ है। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य विशाल जॉली ने भी उप–राज्यपाल से प्रभावितों के लिए मुआवज़े के साथ ज़रूरी सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया है।

उधर, प्रदेश कांग्रेस पार्टी के प्रचार समिति के अध्यक्ष टी एस जी भास्कर ने भी उप–राज्यपाल से अग्नि प्रभावितों को सहायता प्रदान करने का अनुरोध किया।

<><><><><><><>

आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर से आज विशेष लाईव फोन इन कार्यक्रम प्रसारित किया जाएगा। कार्यक्रम का विषय रहेगा–लू के प्रकोप से कैसे बचे। कार्यक्रम में उप–निदेशक, स्वास्थ्य डॉ. अविजित रॉय श्रोताओं से विशेषज्ञ के रूप में संवाद करेंगे। श्रोता दो तीन दो पांच पांच आठ और दो तीन दो तीन तीन छः पर डायल कर अपने प्रश्न पूछ सकते हैं। कार्यक्रम शाम छः बजकर तीस मिनट से सुना जा सकता है।

<><><><><><><>

आज मे डे है। इस अवसर पर विभिन्न श्रमिक संगठनों की ओर से रैली निकाली जाएगी और सभाएं भी आयोजित होगी। हर वर्ष मे डे पर श्रमिक संगठनों की एकजुटता को प्रदर्शित करने और उनकी मांगों को पूरा करने के आह्वान पर जुलूस आदि निकाले जाते है। सांसद कुलदीप राय शर्मा ने मे डे पर सभी श्रमिकों

को अपनी शुभकामनाएं देते हुए द्वीपसमूह के सामाजिक, आर्थिक उत्थान में योगदान देने वाले सभी श्रमिकों को उनके त्याग, बलिदान और निष्ठा के साथ कार्य करने पर बधाई दी है।

<><><><><><><>

ऊर्जा निदेशक डॉ. प्रशांत कुमार ने सूर्य चक्र बिजली घर का दौरा किया। दौरे के दौरान विद्युत विभाग के अन्य अभियंता भी उनके साथ थे। इस दौरे का उद्देश्य नेताओं द्वारा बिजली कटौती से संबंधित विभिन्न मुद्दों का समाधान करने के लिए लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनना और उन्हें उठाए जा रहे कदमों के बारे में जानकारी देना था। ऊर्जा निदेशक ने लोगों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिजली से संबंधित किसी भी समस्या को लेकर समर्पित व्हाट्सऐप नम्बर नौ पांच तीन एक आठ दो दो दो शून्य शून्य पर सीधे संपर्क किया जा सकता है। इससे विभाग को ऊर्जा प्रबंधन में सुधार करने के लिए सही जानकारी उपलब्ध होगी और उसे अमल में भी लाया जा सकेगा। पर्यावरणीय असर पर भी चर्चा की गई। उन्होंने बिजली घर से उत्पन्न होने वाली ध्वनि व वायु प्रदूषण को कम करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया।

<><><><><><><>

एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने कल नौसेना प्रमुख का पदभार संभाल लिया है। उन्होंने एडमिरल आर हरि कुमार का स्थान लिया। एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय नौसेना को समुद्र के रास्ते होने वाले संभावित युद्ध की स्थिति के लिए हर समय तैयार रहना आवश्यक है। श्री त्रिपाठी ने इस बात पर बल दिया कि वे नई प्रौद्योगिकियों के इस्तेमाल से और विकास के लिए 'आत्मनिर्भरता' के साथ नौसेना के वर्तमान प्रयासों को मजबूती प्रदान करेंगे।

<><><><><><><>

निकोबार ज़िले में राशन कार्ड ई–के वाई सी के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा। कल से शुरू होने वाले शिविर के दौरान क्षेत्र के विभिन्न गांवों के राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के लाभार्थियों के राशन कार्ड का ई–के वाई सी किया जाएगा। कल मूस, किन्मय, स्मॉल लपाती, बिग लपाती के अलावा कमोर्टा, ककाना, पिलपिलो, चैम्पिन, विकास नगर, बड़ा इनाक, छोटा इनाक, मिल डेरा, सोलो टेकरी, जापान टेकरी, चौरा और तेरेसा में शिविर लगेगा। तीन, चार और पांच मई को भी कार निकोबार के विभिन्न गांवों के अलावा तीन और चार मई को कमोर्टा, तीन से पांच मई तक कच्छाल और

तीन मई को ही चौरा, तेरेसा में क्षेत्रवार शिविर लगेगा। सभी लाभार्थियों से इसका लाभ उठाने का अनुरोध किया गया है ।

<><><><><><><>

सरकारी जमीन पर कब्जा कर बैठे लोगों से ऐसे जमीनों को खाली कराने के लिए पोर्ट ब्लेयर तहसील में राजस्व अधिकारियों की ओर से व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान सीपीघाट, गाराचरमा, अस्टिनाबाद और हैडो क्षेत्र से एक हजार आठ सौ वर्ग मीटर क्षेत्र से अतिक्रमण वाले क्षेत्रों को खाली कराया गया। अस्टिनाबाद और रंगाचांग गांव में चलाए गए अभियान के दौरान अनाधिकृत रूप से ठेला लगाने वाले और ढांचे को सार्वजनिक परिसर से हटाया गया। जिला प्रशासन ने आम जनता को इस तरह की गतिविधियों से दूर रहने और जो लोग अवैध गतिविधियों में शामिल हैं, उनके बारे में सूचना देने का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>

बर्डलाइन स्थित प्रजापिता ब्रहम कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में छः मई से बारह मई तक विशेष ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जाएगा। सुबह दस बजे से दिन में बारह बजे तक आयोजित होने वाले इस शिविर में छः से तेरह वर्ष आयु वर्ग तक के बच्चे भाग ले सकते हैं। शिविर के दौरान आध्यात्मिक कक्षाओं के साथ ध्यान, सामूहिक गतिविधियां, गीत–संगीत, नृत्य, कला और शिल्प, नाटक आदि के बारे में बच्चों को सिखाया जाएगा। इच्छुक बच्चे चार मई तक पंजीकरण करा सकते हैं।

<><><><><><><>

सीपीघाट स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र बिक्री स्थल से स्थानीय कृषि उत्पादों की बिक्री की व्यवस्था की गई है। सब्जियों के बीज के अलावा मसालेदार पौधों के बीज और मूल्यवर्धित उत्पादों की खरीद के लिए आम जनता कार्य दिवसों में सुबह नौ बजे से शाम साढ़े चार बजे के बीच संपर्क कर सकते है।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

यू जी सी नेट की परीक्षा के स्थगित होने और अब ये परीक्षा अट्ठारह जून को आयोजित होने के समाचार को–द डेली टेलीग्रम्स ने पहले पन्ने में जगह दी है। बिल्लीग्राउंड अग्नि दुर्घटना से जुड़े समाचारों को – द इको ऑफ इंडिया ने पहले पन्ने में प्रकाशित किया है। आपदा तैयारियों पर पुलिस और एन डी आर एफ के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित होने के समाचार को–द्वीप समाचार ने अंतिम पन्ने में जगह दी है। उर्जा

निर्देशक के सूर्य चक्र बिजली घर का दौरा करने के समाचार को– द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेज़ी ने जबकि टी–ट्वेन्टी वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा करने–रोहित शर्मा को कप्तान और हार्दिक पांडया को उप–कप्तान बनाए जाने के समाचार को–इंफो इंडिया ने अपने खेल पन्ने में जगह दी है। पुलिस लाईन में पुलिसकर्मियों के लिए नशाखोरी और पुर्नवास पर शिविर आयोजित होने के समाचार को– अंडमान क्रोनिकल ने प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>